POLICE COMMISSIONERATE PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 12.11.2024

हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-524/2024 धारा-103(1)/115(2)/352/351(3)/3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त अवधेश निर्मल पुत्र स्व0 मोतीलाल निवासी न्यायनगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज स्थाई पता ग्राम पूरे ईश्वरनाथ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर दिनांक-11.11.2024 को अयप्पा बूथ से नीवां गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर जंगल के पास थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-10.11.2024 को वादी मुकदमा श्री राम औतार कनौजिया (सेवा निवृत्त पुलिस निरीक्षक) निवासी L.I.G. 211 प्रीतमनगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज द्वारा थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गई कि उनकी पुत्री को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा मारकर छत से नीचे फेक दिया गया है। इस सूचना पर थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये वादी के प्रार्थनापत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर उक्त अभियोग पंजीकृत करते हुये अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अवधेश निर्मल पुत्र स्व0 मोतीलाल निवासी न्यायनगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 39 वर्ष स्थाई पता ग्राम पूरे ईश्वरनाथ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 524/2024 धारा - 103(1)/115(2)/352/351(3)/3(5) बी0एन0एस0 थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक अमरनाथ राय, थाना प्रभारी धूमनगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. व0उ0नि0 हंसराज सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 शिवशंकर सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 आनन्द कुमार सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।